## असीरगढ़ की पहाड़ियों में पलाश के पौधे देख गदगद हो गए छात्र



नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। शहर की सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्था ट्रायम्फ्ल आर्च एकेडमी के विद्यार्थियों द्वारा जिला प्रशासन के साथ मिलकर असीरगढ़ की पहाड़ियों में पलाश के पौधों का बीजारोपण किया गया। इस दौरान जिला डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार द्वारा विद्यार्थियों को पलाश के पौधे की विशेषता बताई गई एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। पाटीदार एवं विद्यार्थियों द्वारा उन पहाड़ियों का भी भ्रमण किया गया जहा गत वर्ष जिला प्रशासन एवं ट्रायम्फ्ल आर्च एकेडमी के विद्यार्थियों द्वारा बीजारोपण किया गया था। पहाड़ी पर गत वर्ष अपने द्वारा रोपे गये बीज को पौधें में बदलता देख सभी विद्यार्थियों के चेहरे खिलखिला उठे। संस्था चेयरमैन कमलेश पटेल द्वारा बताया गया कि शाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा बीजारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है एवं हजारों की संख्या में पलाश के बीज रोपे है। निश्चित ही ये पहल विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक करेगी।

संस्था सचिव नम्रता पटेल द्वारा जिला प्रशासन एवं डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार का आभार व्यक्त किया गया। विद्यार्थियों के साथ शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बीजारोपण किया।

भागीरथ वाखला डिप्टी कलेक्टर एम एस देवके, उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग बुरहानपुर, भरत जांचपुरे, सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग बुरहानपुर, भूपेंद्र सोलंकी मंडी सचिव बुरहानपुर, जनजातीय कार्य विभाग के छात्रावास अधीक्षक अरूण, सहायक सचिव, असीर, संजय राठौड़, मनोज तिवारी, सुधीर गुप्ता, विजय पाटिल उपस्थित रहे।

## इच्छापुर में उप वन मंडल स्तरीय चरवाहा सम्मेलन



नवभारत न्यूज, इच्छापुर। वन परिक्षेत्र शाहपुर के अंतर्गत उप वन मंडल स्तरीय चरवाहा सम्मेलन इच्छापुर में में आयोजित किया गया। इसमें वन परिक्षेत्र शाहपुर और बुरहानपुर के लगभग 100 चरवाहे उपस्थित रहे।

सम्मेलन में चरवाहों को वन सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया और उनको प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जंगल में कोई भी वन अपराध जैसे अवैध अतिक्रमण, अवैध शिकार और अवैध कटाई की तुरंत सूचना संबंधित बीट गार्ड, परिक्षेत्र सहायक और परिक्षेत्र अधिकारी को देने हेतु आग्रह किया गया। चरवाहों को समझाइश दी गई कि आप वृक्षारोपण क्षेत्रों, प्रतिबंधित क्षेत्रों में मवेशी नहीं ले जाएगें। इस अवसर परे कव बुरहानपुर परिक्षेत्र शाहपुर मरावी, परिक्षेत्र अधिकारी, रेंजर लखन लाल सहित 30 स्टाफ शामिल रहा। शाहपुर के इच्छापुर परिक्षेत्र सहायक वृत अंतर्गत इच्छादेवी मंदिर प्रांगण में उपवनमंडल स्तरीय चरवाहा सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें उप वन मंडलाधिकारी बुरहानपुर, परिक्षेत्र अधिकारी शाहपुर, खकनार, बोदरली, वन समिती अध्यक्ष इच्छापुर, इच्छापुर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष, बुरहानपुर, शाहपुर, खकनार और बोदरली वन क्षेत्र के चरवाहे एवम स्टॉफ उपस्थित रहा। सम्मेलन में वनों में चराई के दबाव एअवैध गतिविधि की रोकथाम, वनों में चरवाहे की भूमिका, आपसी सहयोग, वनों की सुरक्षा, सूचना तंत्र मजबूत करने जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

## संस्कार भारती ब्रह्मपुर इकाई की वार्षिक साधारण सभा आयोजित



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** संस्कार भारती ब्रह्मपुर इकाई की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर तिलक भवन में किया गया इस अवसर पर कसरावद से पधारे मालवा प्रांत कोष प्रमुख अखिलेश पाटीदार उपस्थित रहे।

शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया। अखिलेश पाटीदार द्वारा संस्कार भारती के कार्यों का विस्तृत वर्णन किया गया। एवं पूर्व कार्यकारिणी को सर्वसम्मति प्रदान कर सभी कार्यकर्ताओं के पुन: मनोनीत किया गया। नवीन दायित्व में जयश्री जाधव जी को उपाध्यक्ष पद की घोषणा श्री पाटीदार जी द्वारा की गई। प्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्मश्री तीजन बाई को मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का प्रारम्भ संस्कार भारती के ध्येय गीत से किया गया एवं कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वन्देमातरम से किया गया। आभार जिला मंत्री श्री संदीप जी शर्मा ने माना। इस दौरान मालवा प्रांत लोकसंगीत विधा प्रमुख गजानन वारुडे जिला अध्यक्ष रिषी मुलतकर महामंत्री गोपाल बोरसे उपाध्यक्ष संतोष परिहार मंत्री शैलेंद्र मालवीय, क्रनाल मालवीय नाट्य विद्या से श्री प्रशांत लोवंशी साहित्य विधा से श्याम ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अशोक सातपुते, चिन्मय सिंह तंवर, डॉ दीपक देवर, रामजी कामले, मुकेश दरबार, महेंद्र महाजन, शिल्पी चोपड़ा, आदर्श जोशी, एमके सरोज और अनिल जी राठौर आदि उपस्थित रहे।

## बुरहानपुर-सुंदर नगर-विनोद डेयरी मार्ग का पुल दो वर्ष से पड़ा है अधूरा



नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। सुंदर नगर से विनोद डेयरी को जाने वाले मुख्य मार्ग पर बन रहा पुल पिछले लगभग दो वर्षों से अधूरा पड़ा है।

वर्तमान में पुल में मिट्टी का भराव कार्य किया जा रहा है। वर्षा काल शुरू हो चुका है। जिससे निर्माण कार्य और प्रभावित होने की आशंका है। पुल न बनने के कारण यह मार्ग आवागमन के लिए पूरी तरह बंद है। स्थानीय रहवासियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए करीब 2 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। इससे लोगों का समय और ईंधन दोनों खर्च हो रहा है। रोजाना स्कूल, ऑफिस और बाजार जाने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। मौके पर जेसीबी मशीन से काम जारी है और निर्माण सामग्री बिखरी पड़ी है। पास के मकानों के रहवासी भी अधूरे निर्माण से परेशान हैं।

## इंदौर हाईवे के दोनों ओर आयुर्वेदिक छात्रों ने किया पौधारोपण




नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। असीरगढ़ किले के समीप इंदौर हाईवे पर डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार के नेतृत्व में विशाल पलाश बीजारोपण अभियान आयोजित किया गया। अभियान में शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं ट्रायम्फ्ल आर्च एकेडमी के लगभग 150 विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों और पर्यावरण प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर 30 हजार पलाश के बीजों का बीजारोपण कर प्रकृति को हरा.भरा बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर भागीरथ वाखला, कृषि विभाग के उपसंचालक एम.एस.देवके, सहायक आयुक्त भरत जांचपुरे, मंडी सचिव भूपेंद्र सोलंकी, मनोज तिवारी, संजय राठौड़, सुधीर गुप्ताए विजय पाटिल तथा गिरधारीलाल वास्कले सहित अनेक अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार ने पलाश के औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पलाश के बीज प्रकृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और अनुकूल परिस्थितियों में स्वयं विकसित होकर वृक्ष बन जाते हैं। अभियान के दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण और पौधों की सुरक्षा का सामूहिक संकल्प लिया। प्रतिभागियों ने पिछले वर्ष धूपगट्टा और झिरी की पहाड़ियों पर किए गए बीजारोपण से विकसित लहलहाते पलाश के पौधों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई।

## एक नजर में

### शकर कारखाने में श्रमिक संघ के चुनाव निर्विरोध



**नेपानगर।** नवल सिंह सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित नवल नगर झिरी में श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले शक्कर उद्योग श्रमिक कर्मचारी संघ के प्रतीक्षित चुनाव शनिवार को संपन्न हुए। प्रदेश इंटक के अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव राजेन्द्र सिंह नाती कार्यवाहक अध्यक्ष मध्य प्रदेश इंटक को मुख्य चुनाव अधिकारी और लालचन्द पटेल सचिव मध्य प्रदेश इंटक को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। संघ के विधानानुसार निर्धारित कार्यक्रम के तहत चुनाव कराए गए।

**सभी 7 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन:**-सभी सात प्रत्याशी अध्यक्ष राजेश ओंकार कैथवास, उपाध्यक्ष भगवान बलिराम सोनवणे, रविंद्र तोताराम रायपुरे, महासचिव सुभाष सीताराम महाले, सह सचिव सुदर्शन पुंडलिक पाटील, कोषाध्यक्ष पंडित रतन सिंह चौहान, सचिव ज्ञानेश्वर लक्ष्मण नेमाड़े निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। कारखाने में कार्यरत संघ के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर श्रमिक एकता का परिचय दिया। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद मुख्य चुनाव अधिकारी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र सौंपे और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में सहायक चुनाव अधिकारी लालचन्द पटेल ने चुनाव करवाने आए राजेन्द्र सिंह नाती, प्रोत्साहित करने आए आदित्य ठाकुर, अशोक पाटील, देवेश्वर ठाकुर सहित पुलिस, जिल प्रशासन का आभार जताया।

### इच्छापुर मुक्तिधाम मार्ग की हालत खस्ताहाल



**इच्छापुर।** ग्राम इच्छापुर का मुक्ती धाम मार्ग की हालत फोरले बनाने वाली कम्पनी के ठेकेदारों ने इतनी खराब कर दी है कि शव ले जाने वाले लोगों को भारी परेशानीयों का सामना करने पर मजबूर कर दिया है। रात दिन बडे डम्पर इसी मार्ग से चल रहे हैं। सडक मार्ग खराब कर दिया है। बाइक ही नही पैदल चलला मुश्कील हो चुका है। गांव के सरपंच ने इसकी शिकायत जनप्रतिनिधीयों एवं जिला प्रशासन को कईबार दी। लेकीन अभी तक समस्या का हल नहीं हुवा। बारिश का मौसम होने से और भी परेशानी होने लगी है। 20 हजार से अधिक संख्या का यह एक मात्र मुक्तीधाम है। सबंधीत अधिकारी इस समस्या की ओर ध्यान देने की पहल करें।

### विद्यार्थियों को दी गई मानसिक स्वास्थ्य की सीख

**नेपानगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस नेपानगर में आयोजित दीक्षारंभ समारोह के तीसरे दिन शुक्रवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक सुविधाओं से परिचित कराने के साथ मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ मनीषा साकल्ले के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उमंग क्लिनिक नेपानगर से करण राठौड़ और रुपेश महाजन उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्यए तनाव प्रबंधनए भावनात्मक संतुलनए आत्मविश्वासए सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर मार्गदर्शन दिया।

**सर्वांगीण विकास जरूरी...** समापन अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजू सपकाले ने कहा कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से सशक्त बननेए अनुशासित जीवन अपनाने तथा महाविद्यालय की सभी सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ मायाराम चौहान, प्रो विकास पंवार, क्रीड़ा अधिकारी जेम्स मिंच, प्रो योहन परिहारए प्रो चन्द्रपाल सिंह रावत, प्रो ताराचंद रावत, डॉ श्रुति महाजन, प्रो कविता सेठी, प्रो भगत सोलंकी, डॉ विवेक दुबे, डॉ मंजरी पाण्डेय, डॉ राखी नामदेव सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण मौजूद रहे।

## बुरहानपुर पुलिस का साइबर जागरूकता कार्यक्रम



नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित सेफक्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में जिले में अभियान संचालित किया जा रहा है।

साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन अथवा राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। साइबर जागरूकता सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत आज बुरहानपुर पुलिस द्वारा जिले के ग्राम पंचायत, हाट बाजारों, सार्वजनिक स्थानों में चौपाल लगाकर निकाली साइबर जागरूकता रैली साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना गणपतिनाका पुलिस द्वारा आजाद नगर चौराहे पर अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया एवं गणपति नाके चौराहे से एक विशाल जन जागरूकता रेली निकली जो जागरूकता का संदेश देते हुए मीठा मौला दरगाह पर समाप्त हुई। पेम्फ्लेट वितरित किए गए। थाना कोतवाली-पुलिस द्वारा टेंपो स्टैंड पर साइबर जागरूकता अभियान के तहत उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया पेम्फ्लेट वितरित किए गए। थाना नेपानगर- पुलिस द्वारा ग्राम नेपानगर में लगे हाट बाजार में ग्राम वासियों को चौपाल लगाकर साइबर अभियान के तहत जागरूक किया गया। थाना निंबोला-पुलिस द्वारा ग्राम चूलखान में मुख्य चौराहे पर चौपाल लगाकर साइबर जागरूकता अभियान के तहत ग्राम वासियों को जागरूक किया गया।

पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करेंए संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन अथवा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम के माध्यम से साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया।

## भाजपा के बूथ स्तर पर डिजिटल प्रशिक्षण अभियान का आज समापन




नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानपुर की कामकाजी बैठक स्व. परमानन्द गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम, इंदिरा कॉलोनी, बुरहानपुर में आयोजित की गई।

बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला प्रभारी क्षितिज भट्ट, जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक बुरहानपुर अर्चना चिटनिस, नेपानगर विधायक मंजू राजेंद्र दादू, महापौर माधुरी अतुल पटेल, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री मनोज लधवे, पूर्व विधायक एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित्रा कास्डेकर, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलिप श्रॉफ, पावरलुम फेडरेशन अध्यक्ष जयंती नवलखे, जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, संजय जाधव सहित अपेक्षित जिला, मंडल के पदाधिकारी और जन प्रतिनिधी उपस्थित थे।

जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने द्वारा अपेक्षित पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों से प्रशिक्षण अभियान को लेकर वन टु वन चर्चा करते हुवे मंडलवार जानकारी प्राप्त की एवं अपेक्षा की है कि सभी पंण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान अंतर्गत डिजिटल प्रशिक्षण एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी की 125 वी जयंती 6 जुलाई को बुथस्तर पर मनाई जाने की बात कही।

बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा जी द्वारा विगत तीन माह से चल रहे पंण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान अंतर्गत डिजिटल प्रशिक्षण एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी की 125 वीं जयंती 23 जून से 6 जुलाई तक स्मरण पक्ष मनाए जाने एवं डिजीटल प्रशिक्षण अभियान को बुथ स्तर तक पुर्ण करने की बात पर विस्तार पुर्वक चर्चा की गई। आपने मंडल अध्यक्ष के साथ मंडल प्रभारीयों एवं महामंत्रीयों से संगठन के कामो को गंभीरता से पुरा करने की अपेक्षा की। जिला प्रभारी क्षितिज भट्ट द्वारा बताया गया कि पंण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान अंतर्गत डिजिटल प्रशिक्षण अभियान की प्रतिदिन मॉनीटरींग की जा रही है।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विधायक अर्चना चिटनिस ने डिजिटल प्रशिक्षण एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी की 125 वी जयंती बुथ स्तर तक 6 जुलाई को मनाने एवं डिजीटल प्रशिक्षण अभियान को पुर्ण करने का विश्वास दिलाया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील एवं नेपा विधायक सुश्री मंजू दादू ने भी संबोधित किया। संचालन जिला महामंत्री ईश्वर चौहान ने किया।

## नगर पालिका की अनदेखी, निर्माणाधीन गार्डन में भरा बारिश का पानी



**नेपानगर।** नगर में नगर पालिका की एक ओर से करीब 50 लाख रूपए की लागत से वार्ड नंबर 11 में एक गार्डन का निर्माण कराया जा रहा हैए लेकिन इस गार्डन में इन दिनों बारिश का पानी जमा हो रहा है जिससे रहवासी खासे चिंतित हैं। रहवासियों के अनुसार हाल ही में नगर पालिका ने वार्डनंबर 11 में गार्डन का काम कराया है जिसकी दीवारें आदि बन चुकी है। कुछ काम अभी भी बाकी है। यहां परिसर में पहली ही बारिश से पानी जमा होने की समस्या सामने आई है। इसकी लगातार शिकायत करने के बाद भी नगर पालिका के जिम्मेदार इस तरफध्यान नहीं दे रहे हैं।

**मच्छर पनपने से बीमारी का खतरा मंडराया:**-रहवासियों के अनुसार वार्ड नंबर 11 में बन रहे इस गार्डन में बारिश का पानी एक ही जगह जमा होने से इसमें मच्छर पनप रहे हैं जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है। रात में लोग सही तरीके से सो भी नहीं पा रहे हैंए क्योंकि रातभर मच्छरों से लोग परेशान होते हैं। इससे डेंगू और मलेरिया बीमारियों का भी खतरा मंडरा रहा है। -रहवासियों ने कहा कि नपा को शिकायत करने के बाद भी इस तरफध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**एक नजर** भाजपा का डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण पखवाड़ा अंतर्गत विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन ...

## डॉ. मुखर्जी ने सांप्रदायिक आधार पर बंगाल के विभाजन का कड़ा विरोध किया : सुरेंद्र शर्मा



नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानपुर द्वारा दिनांक 4 जुलाई 2026 शनिवा को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन स्व. परमानन्द गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम, इंदिरा कॉलोनी, बुरहानपुर में आयोजीत किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला प्रभारी क्षितिज भट्ट, जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता, पूर्व कंबिनेट मंत्री एवं विधायक बुरहानपुर अर्चना चिटनिस, नेपानगर विधायक मंजू राजेंद्र दादू, महापौर माधुरी अतुल पटेल, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री मनोज लधवे, पूर्व विधायक एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित्रा कास्डेकर जी, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलिप श्रॉफ, पावरलुम फेछरेशन अध्यक्ष जयंती नवलखे, जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, संजय जाधव सहित समस्त जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों एवं प्रबुद्ध कार्यकर्ताओं उपस्थिति थे।

इस सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एंव संभागीय प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुवे कहा कि उन्होने डॉ. मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को हुवा था, उनके पिता बेरिस्टर और माता गृहणी थी, उनकी मृत्यु 23 जन को हुई। आपने श्रद्वॉजली देते हुवे उनके जीवन काल की महत्वपुर्ण घटनाओं पर प्रकाश डालते हुवे बताया कि 16 वर्ष की उम्र में मेट्रिक, 20 वर्ष की उम्र में बीए और 23 वर्ष की उम्र में वकालात पास की। आप कुलपती बने, रविन्द्रनाथ अैगौर का दीक्षंत समारोह में वक्तव्य बंग भाषा में कराया। उन्होने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी राष्ट्रवादी चिंतक थे। उन्होंने सांप्रदायिक आधार पर बंगाल के विभाजन का कड़ा विरोध किया और यह सुनिश्चित किया कि हिन्दू बहुल क्षेत्र भारत में सुरक्षित रहें।

उन्होंन बताया कि स्वतंत्र भारत के पहले मंत्रिमंडल में वे उद्योग और आपूर्ति मंत्री बने, लेकिन कश्मीर नीति और पाकिस्तान के साथ हुए नेहरू.लियाकत समझौते के विरोध में उन्होंने 1950 में कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया और 21 अक्टूबर 1951 को उन्होंने दिल्ली में भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुआ, कश्मीर आंदोलन और बलिदानडॉ.मुखर्जी जम्मू.कश्मीर को भारत का पूर्ण अभिन्न अंग बनाना चाहते थे और वहां लागू परमिट व्यवस्था के सख्त खिलाफथे। अपने इस संकल्प को पूरा करने के लिएए 1953 में उन्होंने बिना परमिट लिए जम्मू.कश्मीर की यात्रा की। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में श्रीनगर की जेल में ही उनकी मृत्यु हो गई। आपने नारा लगवाया कि जहां हुवे बलिदान मुखर्जी वह कश्मिर हमारा है, जो कश्मिर हमारी है वह सारा का सारा है। यह नारा सम्मेलन में जोरदार गुंजायमान हो गया।

जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने जी ने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर अपने विचार प्रकट करते हुवे मात्र 52 वर्ष की उम्र में उनके द्वारा किए गए कार्यो की प्रशंसा करते हुवे उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही। सम्मेलन की रूपरेखा एवं कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति इमानदारी से कार्य करने, डीजीटल प्रशिक्षण अभियान को 6 जुलाई तक पुर्ण करने को अभियान बनाकर कार्य करने की बात कही।

सम्मेलन को जिला प्रभारी श्री क्षितिज जी भटट ने संबोधित करते हुवे डॉ. मुखर्जी के जीवन वृतांत के अनके पहलुओं पर प्रकाश डाला। आपने कहा कि डॉ. मुखर्जी द्वारा परमीट प्रथा, धारा 370 एवं 35 ए का विरोध, 2 विधान, 2 प्रधान 2 निशान का भी विरोध करने के लिए डॉ. मुखर्जी का स्मरण करते हुवे जनसंध की स्थपना कर देश प्रेम, राष्ट्रवाद के बिजारोपण की बात कही। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने आपने संबोधन में कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बडी पार्टी है और 22 राज्यों में हमारी सरकार हे। विकसीत भारत 2047 के लक्ष्य को लेकर हम चल रहे है। जो संकल्प 2047 का लिया है उसे संगठन और कार्यकर्ताओं के विश्वास व सहयोग से केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार और उनका क्रियांन्वयन कराकर जन-जन तक लाभ पहुचाकर ही प्राप्त किया जा सकता है। आपने कहा कि देश के कोने कोने तक भाजपा सरकार औरसंगठन काम कर रहा हे। आपने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला। और 370, 35 ए की समाप्ती, राम मंदिर का निर्माण आदि विकास कार्यो को उल्लेखनिय बताया। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में सहभागिता करने और अपने ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को संबोधित करतें हुवे इस महत्वपूर्ण अवसर पर कहा कि संगठन की मूल विचारधारा, राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के संकल्प को और अधिक सशक्त व प्रभावी बनाने का आह्वान किया। आपेन कहा कि देवतुल्य कार्यकर्ता ही संगठन की असली शक्ति हैं, जिनकी मेहनत से आज पार्टी जन.जन के विश्वास का केंद्र बनी है। परम श्रद्धेय डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के प्रखर राष्ट्रवादी विचारों, संगठन के प्रति उनके अनन्य समर्पण और अखंड भारत के महान संकल्प से प्रेरणा लेकर हम सभी जनसेवा तथा राष्ट्र निर्माण के कार्यों को निरंतर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। नेपा विधायक मंजु दादु ने भी संबोधित करते हुवे डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्र,ॉजली अर्पित की। उन्होने डॉ. मुखर्जी के जीवन संधर्ष को आत्मसात करने की बात करते हुवे कार्यकर्ताओं से संगठन के कार्यो को, मिलने वाले दायित्वो को समयबद्ध तरीके से पुरा करने पर जोर दिया।